अध्याय 14


# धारिता

**अधिगम बिन्दु –**
- किस बर्तन की धारिता ज्यादा और किस की कम
- दैनिक जीवन में धारिता के संदर्भ

## डालू मिट्टी से बर्तन बनाता हुआ



सायरी और गोपी डालू काका को बर्तन बनाते हुए देखकर रुक गए। बर्तनों को देखने लगे और चर्चा करने लगे।







[redacted]

1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15

गोपी मुझे लगता है मटके में आएगा।





सायरी दीदी कम पानी किस बर्तन में आएगा ?

अरे गोपी! सबसे छोटे बर्तन कुल्हड़ में आएगा



सायरी व गोपी घर पर आकर बर्तन इकट्ठे कर के देख रहे हैं।

**बॉक्स – 1**




सायरी – गोपी अंदाजा लगाओ।

किन बर्तनों में मटकी से कम पानी भरा जाएगा ? ..............................


किन बर्तनों में जग से ज्यादा पानी भरा जाएगा ? ..............................




[redacted]

**अंदाज़ा लगाइए जिसमें सबसे ज़्यादा पानी भरा जा सकता है उसे सही (✓) व जिसमें सबसे कम भरा जा सकता है उस पर ○ बनाइए।**

(1)   



(2)  

(3)   

शिक्षक अपने आस पास उपलब्ध बर्तनों को लेकर और अभ्यास करावें।

## बॉक्स – 2

**सोचिए एवं भरिए –**



50 49 48 47 46 45 44 43 42 41 40 39 38 37 36

26 27 28 29 30 31 32 33 34 35



[redacted]

**अंदाज लगाए –**

**बॉक्स–2 के चित्र को देखकर बताइए कि सारणी में दिए गए बर्तन को कितने लोटे पानी से भरा जा सकता है।**

| बर्तन | कितने लोटे (अंदाज से) |
|---|---|
| जग | |
| बोतल | |
| टब | |
| मटका | |

**आओ इन्हें भी करें –**

1. दो जग पानी से एक भगौना भरता है दो भगोने पानी से एक बाल्टी भरती है। तो बाल्टी को भरने में कितने जग पानी की आवश्यकता होगी ?

2. तीन कप तेल से एक बोतल भरती है ऐसी ही 2 बोतल भरने के लिए कितने कप तेल चाहिए ?

3. एक मग दूध से एक बोतल भरती है। एक बाल्टी यदि पाँच बोतलों से भरती है तो उसी बाल्टी को भरने में कितने मग दूध चाहिए ?

4. दो बाल्टी पानी से मटका भरता है चार मटके पानी से एक टंकी भरती है तो टंकी को भरने में कितनी बाल्टी पानी चाहिए ?



[redacted]